Email ID: eecd123fatehpur@gmail.com

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम,
फतेहपुर–212601

पत्रांक : 1974/ M-7 /125 दिनांक 24.08.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः– दैनिक समाचार पत्र दैनिक भाष्कर के ई–संस्करण दिनांक 24.08.2026 में प्रकाशित शीर्षक "रामपुर में जल जीवन मिशन की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त:आधे गांव में पानी की आपूर्ति ठप, स्थानीय ग्रामीण परेशान" के सम्बन्ध में आख्या।

महोदय,

उपरोक्त विषयक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र **दैनिक भाष्कर** के ई–संस्करण, दिनांक 24.08.2026 में प्रकाशित **"रामपुर में जल जीवन मिशन की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त:आधे गांव में पानी की आपूर्ति ठप, स्थानीय ग्रामीण परेशान"** के माध्यम से प्राप्त शीर्षक के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि विकास खण्ड–विजयीपुर अन्तर्गत रामपुर पेयजल योजना के अनुरक्षण तथा संचालन हेतु फर्म **मे0 सुधाकरा इन्फ्रा–कैपिटल इलेक्टेक (जे0वी0), गाजियाबाद** को आवन्टित कर दिया गया है। वर्तमान में योजना पर पाइप लाइन लीकेज मरम्मत कार्य प्रगति पर है। यथाशीघ्र पाइप लाइन लीकेज मरम्मत कराकर योजना से सुचारू जलापूर्ति सुनिश्चित होगी।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,


(अनुराग गौतम)
अधिशासी अभियन्ता

विकास खण्ड–विजयीपुर अन्तर्गत रामपुर पेयजल योजना



# रामपुर में जल जीवन मिशन की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त: आधे गांव में पानी की आपूर्ति ठप, स्थानीय ग्रामीण परेशान

अनीश सिंह | खखरेरू(खागा), फतेहपुर
1 दिन पहले



जल जीवन मिशन की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त।

विजयीपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत रामपुर में जल जीवन मिशन के तहत करोड़ों रुपये की लागत से बनी पानी की टंकी ग्रामीणों के लिए बेनतीजा साबित हो रही है। टंकी से जलापूर्ति के लिए बिछाई गई पाइपलाइन कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई है, जिसके कारण गांव के आधे हिस्से में पानी की आपूर्ति बाधित है।

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं → +Follow us

भारत 475-8 (131.2) VS LIVE श्रीलंका
भारत ने बल्लेबाजी का फैसला किया